>

Title : Need to set up forest-based industries in Gumla and Lohardaga districts of Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): झारखंड प्रदेश में विशेषकर गुमला व लोहरदगा जिलों में प्रचुर मात्रा में वनों से अनेक प्रकार के उत्पाद प्राप्त होते हैं। इन उत्पादों से बनाए जाने वाली वस्तुं देशभर में प्रचलित एवं उपयोग की जाती हैं। परन्तु, इस क्षेत्र में वन आधारित उद्योग नहीं होने के कारण न तो इन वस्तुओं के उत्पाद में वृद्धि हो रही है और न ही इनकी गुणवत्ता में। इन उत्पादों का औद्योगिक स्तर पर विकास न होने के कारण यहां के लोगों को प्रचुर मात्रा में रोजगार के अवसर भी प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं।

मेरा आपके माध्यम से माननीय संबंधित मंत्री जी से आग्रह है कि इस क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा वन आधारित उद्योग लगाये जायें, जिससे कि इन उत्पादों से बनने वाली वस्तुओं का संवर्धन व विकास हो सके। साथ-साथ यहां के लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके।